## समाचार संक्षेप

### बैठक आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना एवं विप्र उत्थान समिति गुना की संयुक्त बैठक अटल पार्क बलबंतनगर में आयोजित की गई जिसमें विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल के प्रचार प्रमुख मनोज शर्मा के पिता बद्री प्रसाद शर्मा के परलोकगमन होने पर मृतात्मा को शांति प्रदान करने और अपने चरणों में स्थान प्रदान करने और परिजनों को इस संकट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में वीरेंद्र भार्गव, देवेन्द्र उपाध्याय, राम जीवन ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश पाराशर, मनोज तिवारी,अनिल शर्मा,राजनारायण दुबे, उमाशंकर भार्गव, सुधीर सक्सेना, रामसिंह रघुवंशी , केशव बैरागी, रामस्वरूप सेन, देवेन्द्र भार्गव सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसडीएम आरोन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन का निरीक्षण



**गुना।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार आरोन महेश कुमार बमन्हा द्वारा स्थानीय खंड चिकित्सालय (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखना और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार ने ओपीडी और आकस्मिक चिकित्सा कक्ष का भ्रमण किया। वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर मिल रहे उपचार, दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल के व्यवहार के संबंध में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी रोस्टर की जांच की गई, जिसमें मौके पर 04 डॉक्टर मुस्तैद और उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के पश्चात खंड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल की आवश्यक सुविधाओं में और सुधार करने के कड़े निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**गुना।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना में आज प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य आईटीआई गुना श्वेता कुशवाह ने बताया कि आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित कैंपस में कुल 116 आवेदक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए जिनमे से 59 का अंतिम रूप से चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना की श्वेता कुशवाह(प्राचार्य) एवं सुरेन्द्र पाठक (टी.पी.ओ) की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

### गुना वनमंडल में जनसुनवाई व कर्मचारी कल्याण शिविर की तिथियां निर्धारित

**गुना।** कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार गुना वनमण्डल अंतर्गत जनसुनवाई कार्यक्रम एवं कर्मचारी कल्याण शिविर आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में उपवनमण्डलाधिकारी, गुना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनसुनवाई प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं कर्मचारी कल्याण शिविर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यदि निर्धारित दिवस सार्वजनिक अवकाश होगा तो कार्यक्रम अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जाएगा। नोडल अधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर कार्यक्रम उपरांत नियमानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। वन विभाग द्वारा क्षेत्रांतर्गत ग्रामीणजनों एवं ग्राम वन समितियों को जनसुनवाई कार्यक्रम तथा अधीनस्थ कर्मचारियों को कर्मचारी कल्याण शिविर के संबंध में जानकारी देने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि संबंधितों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# महाराज की मंशा के अनुरूप बनेगा स्टेशन रोड

**सीएमओ को पत्र लिखकर नपाध्यक्ष की दो टूक- अतिक्रमण हटाएं और 7 दिन में दें जवाब**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सबसे व्यस्ततम और महत्वपूर्ण मार्ग रेलवे स्टेशन रोड के कायाकल्प को लेकर नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ को एक तीखा पत्र लिखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्टेशन रोड के निर्माण में बाधक बन रहे हर छोटे-बड़े अतिक्रमण को तत्काल जमींदोज किया जाए और ठप पड़े विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर प्रारंभ किया जाए। नपाध्यक्ष की इस सख्ती से उन रसूखदारों और कब्जाधारियों में हडक़ंप मच गया है, जिन्होंने वर्षों से सरकारी जमीन को अपनी जागीर समझ रखा था।

**श्रीमंत के विकास मॉडल में बाधा कतई बर्दाश्त नहीं:** नपाध्यक्ष गुप्ता ने अपने पत्र में विकास के मसीहा और क्षेत्रीय सांसद, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण और कैंपस तक चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जब स्टेशन का मुख्य हिस्सा श्री सिंधिया की मंशा के अनुरूप भव्य स्वरूप ले चुका है, तो स्टेशन पहुँच मार्ग (स्टेशन रोड) का काम अधूरा क्यों है? उन्होंने स्पष्ट किया कि महाराज की महत्वाकांक्षी योजना के मार्ग में




आने वाली हर बाधा को हटाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। **रसूखदारों पर गिरेगी गाज, अवैध कब्जों पर चलेगा पीला पंजा:** उल्लेखनीय है कि स्टेशन रोड के चौड़ीकरण में लंबे समय से कुछ प्रभावशाली लोगों और राजनेताओं के अवैध कब्जे बड़ी रुकावट बने हुए हैं। हाल ही में जैन समाज की धर्मशाला की जमीन पर भाजपा से जुड़े कुछ रसूखदार नेताओं द्वारा कब्जे की शिकायत भी सामने आई थी। नपाध्यक्ष ने अपने पत्र में बिना किसी दबाव के कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने साफ कहा कि जिस स्थान पर अतिक्रमण है, उसे अविलंब हटाया जाए। यदि नपा के कोई अस्थाई किरायेदार भी निर्माण में बाधक हैं, तो उन्हें न.पा. अधिनियम के तहत तत्काल बेदखल कर आगे का डामरीकरण, डिवाइडर और लाइटिंग का कार्य पूर्ण करें।

**7 दिन का अल्टीमेटम, लापरवाही पर नपेगी अफसरशाही**

नपाध्यक्ष ने सीएमओ को केवल निर्देश ही नहीं दिए, बल्कि 7 दिन के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और जिला कलेक्टर को भी भेजी है, जो इस बात का संकेत है कि अब स्टेशन रोड के निर्माण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली या राजनीतिक संरक्षण काम नहीं आएगा। गुप्ता के इस दमदार कदम की शहरवासियों ने सराहना की है। लंबे समय से धूल और आधे-अधूरे सडक़ निर्माण से जूझ रही जनता को अब उम्मीद है कि स्टेशन रोड जल्द ही डिवाइडर, फुटपाथ और हाईटेक लाइटिंग से जगमगाएगा।

## सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप, महकमे में हड़कंप

# अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान होकर रेलवे कर्मचारी ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में एक रेलवे कर्मचारी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आने से रेलवे विभाग और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। रेलवे कॉलोनी निवासी किशोरी लाल कुशवाह ने कथित रूप से अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामले में पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने रेलवे के कुछ अधिकारियों पर लगातार मानसिक प्रताड़ना, ड्यूटी पर मौजूद रहने के बावजूद अनुपस्थिति दर्ज करने और सस्पेंड करने की धमकियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।जानकारी के अनुसार किशोरी लाल कुशवाह रेलवे में एसएमडी हेल्पर के पद पर पदस्थ थे और पिछले करीब 30 वर्षों से सेवा दे रहे थे। रविवार शाम उन्होंने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतक के बेटे अजय कुशवाह ने बताया कि उनके पिता नियमित रूप से ड्यूटी पर जाते थे, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उन्हें जानबूझकर अनुपस्थित दिखाया जाता था। बार-बार उन्हें सस्पेंड करने की धमकियां दी जाती थीं। हालांकि पिता ने कभी घर में खुलकर अपनी परेशानी जाहिर नहीं की। अजय के अनुसार उनके पिता एक सुसाइड नोट और वीडियो छोड़कर गए हैं, जिसमें उन्होंने अपनी मानसिक स्थिति और प्रताड़ना का जिक्र किया है। सुसाइड नोट में किशोरी लाल ने उल्लेख किया है कि एक फरवरी को वे ड्यूटी पर गए थे, इसके बावजूद उनकी अनुपस्थिति दर्ज कर दी गई। दो फरवरी को भी यही स्थिति रही। उन्होंने लिखा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई, जिससे वे अत्यधिक तनाव में आ गए। नोट में शैलेन्द्र कुमार और अमित लखेरा पर परेशान करने के आरोप लगाए गए हैं, वहीं एक अन्य अधिकारी को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। सुसाइड नोट में उन्होंने दोनों के खिलाफ शिकायत करने की बात भी लिखी है। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट, वीडियो और परिजनों के बयान के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि आत्महत्या के पीछे किन परिस्थितियों और कारणों की भूमिका रही।सुसाइड नोट में छलका दर्दमृतक किशोरी लाल द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट और वीडियो में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने सीधे तौर पर एसएसई अमित लखेरा और शैलेंद्र कुमार को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। नोट में उन्होंने बताया कि अधिकारी उन्हें लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

**सुसाइड नोट में लिखा है**

01/02/26 को ड्यूटी पर जाने के बावजूद, शैलेंद्र कुमार और अमित लखेरा द्वारा मेरी गैरहाजिरी दर्ज कर दी गई।जब मैंने इस पर आपत्ति जताई, तो मुझे सस्पेंड करने और चार्जशीट देने की धमकी दी गई।इस मानसिक तनाव के कारण मैं आत्महत्या के लिए मजबूर हुआ।

**परिजनों का आरोप**

मृतक के बेटे अजय कुशवाह ने कहा कि उनके पिता नियमित रूप से ड्यूटी पर जाते थे, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन्हें जानबूझकर परेशान किया जाता था। 1 फरवरी को ड्यूटी करने के बावजूद उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई और उन्हें सस्पेंड करने की धमकी दी गई। इस मानसिक तनाव के कारण उनके पिता ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

**साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को मिला सुसाइड नोट और वीडियो इस मामले में सबसे बड़ा सबूत हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नामजद अधिकारियों के खिलाफ जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## गोमाता को टोपी पहनाकर बनाई इंस्टाग्राम रील भारी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में आस्था और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का एक विवादित मामला सामने आया है। घोसीपुरा सिति नेशनल स्कूल के पास दो युवकों सूफियान और फरहान द्वारा गौमाता को टोपी पहनाकर इंस्टाग्राम रील बनाने और फोटो साझा करने के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। गुरुवार सुबह जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग लामबंद होकर कैंट थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।फरियादी पक्ष और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपियों ने गौमाता को टोपी पहनाते हुए बाकायदा वीडियो शूट किया और उसे इंस्टाग्राम पर सेहरी के बाद मस्ती टाइम लिखकर पोस्ट कर दिया। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामला और तब तूल पकड़ गया जब यह देखा गया कि उक्त फोटो और वीडियो पर विशेष वर्ग के अन्य लोग अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज कर रहे हैं। नागरिक मोनू रजक ने बताया कि यह कृत्य पूरी तरह से जानबूझकर हिंदुओं की आस्था को आहत करने के उद्देश्य से किया गया है।

**थाने में उमड़ी भीड़ आवेदन देकर की गिरफ्तारी की मांग**

गुरुवार दोपहर कैंट थाने पहुंचे आक्रोशित लोगों ने कहा कि गौमाता करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र हैं और उनके साथ इस तरह का अमर्यादित व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को सौंपे आवेदन में मांग की है कि वीडियो बनाने वाले सूफियान और फरहान के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भडक़ाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडऩे की धाराओं के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

**पुलिस की कार्रवाई जारी**

कैंट थाना पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवेदन स्वीकार कर लिया है और वीडियो की सत्यता की जांच शुरू कर दी है। फ़लिहाल पुलिस ने आरोपियों पर बीएनएस की धारा 299 के तहत मामला दर्ज किया है । मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

## खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक पिकअप 407 जब्त



*गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों और दूरभाष में प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बमोरी,राघौगढ़ एवं गुना क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनिज दल द्वारा उक्त क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत खनिज दल द्वारा उक्त क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना रॉयल्टी/ई टी पी के मुरूम,रेत और एक 407 पिकअप से अवैध रूप से गिट्टी रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन करते हुए पाए जाने से संबंधित वाहनों को तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी शसचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।*

## गुना में कायस्थ समाज का प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शिवपुरी के अधिवक्ता स्व. संजय सक्सेना की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में गुना कायस्थ समाज ने रविवार को नई कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली की शुरुआत भगवान श्री चित्रगुप्त जी के जयकारों और "कायस्थ एकता जिंदाबाद" के नारों के साथ हुई। प्रदर्शनकारियों ने "हत्यारों को फांसी दो" और "न्याय दो, न्याय दो" के नारे लगाते हुए घटना की कड़ी निंदा की।उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2026 को शिवपुरी में सिविल कोर्ट जाते समय अधिवक्ता संजय सक्सेना की अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या कर दी गई थी। इस घटना से समाज में आक्रोश व्याप्त है।कायस्थ समाज गुना ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए चार प्रमुख मांगें रखीं— हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए।परिवार को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।ज्ञापन का वाचन श्री दिलीप सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर राधेश्याम श्रीवास्तव सहित बृजेश कुमार श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव, के.के. सक्सेना, नरेंद्र माथुर, राजेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, असीम भटनागर, नितिन सक्सेना, अनूप श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव और ब्रजराज शरण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## नपा गुना का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी, स्टेशन रोड पर कार्रवाई

# दिखावे की कार्रवाई नहीं-स्थाई समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से नगर पालिका गुना द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के निर्देश पर पहले स्टेशन रोड और कोऑपरेटिव बैंक क्षेत्र में कार्रवाई की गई थी। बुधवार को बड़े पुल से लेकर जयस्तंभ चौराहे तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान सड़क पर आवागमन में बाधा बन रहे अस्थायी ढांचे, गुमठियां और फुटपाथ पर फैले सामान को हटाकर मार्ग को सुगम बनाया गया। फुटपाथ विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई कि वे भविष्य में सड़क मार्ग बाधित न करें, अन्यथा सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि शहरवासियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए। पूर्व में भी अभियान चलाए गए, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति जस की तस हो गई।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्रवाई निष्पक्ष, निरंतर और स्थायी हो—चाहे अतिक्रमणकारी कोई भी हो।लोगों का यह भी कहना है कि यदि छोटे विक्रेताओं पर सख्ती की जा रही है तो बड़े व प्रभावशाली अतिक्रमणकारियों पर भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही फुटपाथ व्यवसायियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर दीर्घकालिक समाधान निकाला जाए

प्रभारी सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। प्रशासन से अपेक्षा है कि यह कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित न रहकर ठोस परिणाम दे, जिससे आम नागरिकों को स्थायी राहत मिल सके।कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अमित कुमार आर्य, डिफेंस जादौन, शोभित जादौन सहित दस्ता के सदस्य उपस्थित रहे।

## गुना से मानवता की मिसाल झारखंड के निराश्रित युवक को आश्रम में दिलाया सहारा

**गुना।** प्रमोद भार्गव ने मानवता का परिचय देते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ निराश्रित युवक को आश्रय दिलाया है।विगत दिनों मृगवास क्षेत्र से उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक मानसिक रूप से बीमार अवस्था में इधर-उधर भटक रहा है। सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव ने युवक को गुना लाकर उसकी जानकारी लेने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान युवक ज्यादा कुछ नहीं बता सका, लेकिन उसने अपना संबंध झारखंड राज्य और रांची शहर से बताया।स्थिति को देखते हुए प्रमोद भार्गव ने युवक को शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती करा दिया है। आश्रम में युवक का इलाज और देखरेख की व्यवस्था की गई है।आश्रम मे उपचार और काउंसलिंग के बाद युवक के परिजनों की तलाश कर उसे सुरक्षित रूप से झारखंड भेजने का प्रयास किया जाएगा। समाजसेवी प्रमोद भार्गव के इस कार्य की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।



## समाचार संक्षेप

### संभागीय अधीक्षण ने किया निरीक्षण दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

गुरुवार को संभागीय अधीक्षण यंत्री जे पी पारा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, उपयंत्री मोहित बिजोले और ठेकेदार की उपस्थिति में नगर परिषद आरोन क्षेत्र के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड सौंदर्यकरण, नेहरू पार्क दुकान निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत डीलक्स टॉयलेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, संबंधित ठेकेदारों को जल्द से जल्द गुणवत्ता सहित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद आरोन द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के निर्देशन में कई विकास कार्य किए जा रहे है जगह जगह गलियों में रोड निर्माण बेरोजगारों को देखते हुए दुकान निर्माण सहित कई विकास कार्य किए जा रहे हैं इन कार्यों को देखते हुए नगर वासियों में हर्ष व्याप्त है तथा परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के प्रति आभार व्यक्त नगर वासियों द्वारा व्यक्त किया जा रहा है।

### समाज के अंतिम समुदाय के लिए संघर्षरत शशि अहिरवार अवार्ड से सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

आदिवासी सहरिया समुदाय के अधिकारों के लिए वर्ष 2000 से सतत संघर्ष कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता शशि अहिरवार को नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सम्मान हेतु चयनित किया गया है। शशि अहिरवार शिक्षा, स्वास्थ्य, न्यूनतम मजदूरी, बंधुआ और बाल मजदूरी उन्मूलन, बेटी बचाओ अभियान, नशा मुक्ति और जातिगत भेदभाव के खिलाफ लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मुरैना क्षेत्र में कई आदिवासी परिवारों को बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराकर प्रशासन के माध्यम से मुक्ति प्रमाण पत्र और पुनर्वास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।महिला सशक्तिकरण और बेटा-बेटी समानता के लिए भी वे लगातार जागरूकता अभियान चलाती रही हैं।उल्लेखनीय है कि 1990 में स्थापित नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया देशभर में सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करता है।शशि अहिरवार ने इस सम्मान को अपने 26 वर्षों के सामाजिक कार्य की नई पहचान बताते हुए भविष्य में भी दलित और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए जीवन समर्पित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## मध्य प्रदेश बजट पर जयवर्धन सिंह का हमला

# प्रदेश की वित्तीय हालत कमजोर हो चुकी है: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

18 फरवरी को प्रस्तुत मध्य प्रदेश के बजट पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की वित्तीय हालत कमजोर हो चुकी है और सरकार "वेंटीलेटर पर" चल रही है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि राज्य पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है और हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि ब्याज चुकाने के लिए भी सरकार को नया कर्ज लेना पड़ेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उनकी "गूगली गेंद" पर भाजपा क्लीन बोल्ड हो गई है।



### लाडली बहना योजना पर उठाए सवाल

विधायक ने लाडली बहना योजना को लेकर सरकार को घेरा। उनका कहना था कि महिलाओं को 3,000 रुपये प्रतिमाह सहायता देने के वादे पर बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नजर नहीं आया। साथ ही नई पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ने को लेकर भी कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

### जनकल्याण और रोजगार पर चिंता

जयवर्धन सिंह ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि युवाओं के रोजगार, किसानों की आय बढ़ाने और आम वर्ग को राहत देने के लिए कोई बड़ा प्रावधान नहीं दिखता। उनके अनुसार यह बजट जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा और पूरी तरह विफल साबित हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र से मिलने वाले कर अनुदान में मध्य प्रदेश का हिस्सा आधा प्रतिशत कम कर दिया गया है, जिससे अगले पांच वर्षों में प्रदेश को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इस संभावित घाटे की भरपाई कैसे होगी, इस पर बजट भाषण में कोई स्पष्टता नहीं दी गई। साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद किसानों को होने वाले संभावित नुकसान पर भी किसी राहत पैकेज की घोषणा न होने पर उन्होंने सवाल उठाए। अंत में जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ऐसी हो गई है कि सरकार की प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि कर्ज का ब्याज चुकाना रह गई है।"यह बजट पूरी तरह फेल है और मध्यप्रदेश की जनता सरकार से जवाब चाहती है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

19 फरवरी को गुना रेलवे स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा टैक्सी चालकों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात लड्डुओं का वितरण कर सभी ने जयंती की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर बजरंगदलजिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, जिला सह समरसता प्रमुख वीरेंद्र राठौर, नगर सह संयोजक राहुल बरार सहित टैक्सी चालक साथी नकुल, राजेश, पवन तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए । युवाओं से आह्वान किया गया कि वे शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्रहित में कार्य करें।

## प्राथमिक विद्यालय बीनागांव की कक्षा 2 की छात्रा ने बढ़ाया चाचौड़ा का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

प्राथमिक विद्यालय बीनागांव की मेधावी छात्रा स्मृति शाक्यवार ने गणित विषय की ओलंपियाड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला गुना तथा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र गुना द्वारा स्मृति शाक्यवार (पिता—भैरो सिंह शाक्यवार), कक्षा 2, एवं विद्यालय प्रभारी सत्यनारायण शर्मा को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं पठन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना एवं प्रतिभाओं को निखारना है। यह परीक्षा कक्षा 2 से 8 तक गणित, हिंदी, अंग्रेजी सहित अन्य विषयों में ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित की जाती है। स्मृति शाक्यवार ने गणित विषय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर चाचौड़ा ब्लॉक को गौरवान्वित किया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उपस्थितजनों ने बालिका को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




## दिग्विजय सिंह-जयवर्धन सिंह पर अभद्र टिप्पणी की निंदा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने आजाद समाज पार्टी नेता पर साधा निशाना

**आरोन में बयान को लेकर गरमाई राजनीति, कांग्रेस पदाधिकारियों ने मर्यादित संवाद की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

17 फरवरी 2026 को आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर प्रसाद यादव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह के संबंध में अभद्र शब्दों के प्रयोग को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है।पार्वती अहिरवार ने कहा कि दिग्विजय सिंह गांधीवादी नेता हैं और महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और अल्पसंख्यकों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने अपने उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि राघोगढ़ विधानसभा में अहिरवार समाज को सम्मान देकर उन्हें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, जो दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह की समावेशी सोच को दर्शाता है।उन्होंने यह भी कहा कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को जो पट्टे दिए गए थे, उनका कब्जा दिलाने का वादा भी सरकार ने किया था। उनके अनुसार दिग्विजय सिंह ने हमेशा वंचित वर्गों के हित में काम किया और सामाजिक सहयोग की परंपरा निभाई है।पार्वती अहिरवार ने कहा कि दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह ने हर वर्ग के लोगों की मदद की है—चाहे किसी के घर में मृत्यु हो, विवाह हो, बच्चों की पढ़ाई या बीमारी का मामला—उन्होंने हमेशा आगे बढ़कर सहयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर प्रसाद यादव द्वारा उपयोग किए गए शब्द उनकी छोटी मानसिकता को दर्शाते हैं।वहीं विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने कहा कि दामोदर प्रसाद यादव भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राघोगढ़ विधानसभा में दिए गए उनके भड़काऊ भाषणों से समाज के विभिन्न वर्गों को उकसाने का प्रयास किया गया है, जिससे स्थिति स्पष्ट होती है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूरे प्रकरण में मर्यादित राजनीतिक संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए अभद्र भाषा के प्रयोग की कड़ी निंदा की है।



### अक्षय तृतीया पर होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**गुना**। सर्व ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर चेम्बर्स आफ कामर्स ग्वालियर में आयोजित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देवेन्द्र उपाध्याय महिदपुर वालों से मोबाइल नंबर 9575053880 पर संपर्क कर सकते हैं।

## श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग अशोकनगर द्वारा आचार्य श्री का द्वितीय समाधि दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग अशोकनगर द्वाराआचार्य श्री का द्वितीय समाधि दिवस भावांजलि के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी एवं महामंत्री प्रियंका जैन द्वारा आचार्य श्री के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने कहा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का त्याग, तपस्या, जीव दया, और अपना देश-अपनी भाषा के सिद्धांत हमेशा याद आते रहेगें। उन्होंने कहा कि हम सब आचार्य श्री का एक भी सिद्धांत अपना लें तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। इसी के साथ सभी ने करुणा और शिक्षा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उसके तत्पश्चात नवकार मंत्र बोलकर आचार्य श्री को भांवाजलि के रूप में सभी बहनों ने 1 मिनट का मौन धारण किया। इसी श्रृंखला में कोषाध्यक्ष नीतू मुडरा, युवा प्रकोष्ठ विनीता मिर्ची, महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी नम्रता वड़कुल एवं समस्त महिलाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी की।



### आंखें इतनी नम हो गई

*जब आचार्य श्री के बारे में प्रीति भंडारी, आशिका मिर्ची, नंदा सोनी, वर्षा सिंघई ने आचार्य श्री के संस्मरण सुनाए। कुछ महिलाओं ने कविता के द्वारा आचार्य श्री की अनेक स्मृतियों को याद दिला दिया। अंजू श्रृंगार, सपना अजमेरा, ममता भारत, उषा नैनी, सुधा जैन, प्रतिभा जैन, रानी रसीला कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए कार्यक्रम कार्यकारिणी सदस्य बॉबी सिंघई के यहां किया गया। अंत मे रात्रि में मंदिर में जाकर सभी ने आचार्य श्री के नाम एक- एक दीप जलाकर भक्तांबर की आराधना की गई।*

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा चैराहे निवासी छोटू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तनु बैरागी, अभिषेक कुशवाह, मयंक रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी उमेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू, राहुल और विशाल कुशवाह ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी रामचरण नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारबाले बालाजी मंदिर के समीप निवासी राजेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अज्ञात दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शहवाजपुर निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद केवट, राजकुमार का लड़का और भूरा के लड़के ने उससे छेर छाड कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विनोद केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गोपाल, देशराज, कल्याण और पुष्पाबाई केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारसल चक्क निवासी बृजेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलू, रामचरण, दीपेन्द्र और गोपाल लोधी ने उससे मारपीट की और उसकी बाईक तोड़ दी व जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरौंली निवासी शीला जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनपाल जाटव व दिवान सिंह जाटव ने जमीनी विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी पूजा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू, दीपक और अमरसिंह आदिवासी ने से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के अधिकारियों की बैठक ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा गुरुवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सुशासन के अंतर्गत लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन,एमपी ई-सेवा पोर्टल, नामांतरण बटवारा, फार्मर आईडी, ई ऑफिस प्रणाली, स्वामित्व योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने नल जल योजनाओं की सफल क्रियान्वयन, पीएम जनमन योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति के संबंध में निर्देशित किया। ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत रोजगार गारंटी के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, कामधेनु योजना के तहत बैंकों से ऋण प्रकरणों की स्वीकृति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान कानून व्यवस्था के तहत जोनल प्लान अनुसार कार्यवाही की जाए। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों में भुगतान, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।




### वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग शिविर आयोजित किया गया



**अशोकनगर**। वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय योग शिविर के पहले दिन गुरुवार को आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी के निर्देशानुसार वृद्ध आश्रम बाईपास रोड अशोक नगर में किया गया। शिविर मे डॉ दीपक रघुवंशी आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा वरिष्ट जनों को नियमित योग करने वाले सूक्ष्म आसनों की जानकारी दी व योगो का अभ्यास कराया। डॉक्टरों व योग प्रशिक्षको के अनुसार, नियमित रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। इस अवसर पर डां. सचिन जैन, डॉ नीलेश डॉ धर्मेंद्र, डॉ अमृता, द्वारा वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं पैरा मेडीकल स्टाफ द्वारा दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक एवं सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारी बोले- हमें नहीं है पता कब बने और कितनी लागत से बने कक्ष

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से सालों से बंद पड़े करोड़ों की लागत से बने स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत करोड़ो रूपये इसलिए जिले में भेजे जाते हैं जिससे कि स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व व्यवस्था की जा सके, लेकिन अशोकनगर जिले में शासन के करोड़ो रूपये शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा किस तरह पानी में बहा कर बर्बाद किये जा रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण चंदेरी के उत्कृष्ट हाई सेकेण्ड्री स्कूल में बने वह कक्ष हैं जो सालों से बंद पड़े हैं, अधिकारी बेखबर है जिससे यह कक्ष अनैतिक कार्यों का अडडा बन गए हैं।

चन्देरी उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल के सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 2013 में करोड़ो रूपये की लागत से बाईपास वेयर हाउस के सामने यह कक्ष बनवाए गए थे। ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह भवन तो बनवा दिए गए लेकिन आजतक वर्षो बीत जाने के बाबजूद इन भवनों को स्कूल के उपयोग में नही लिया गया है और इनमे हमेशा ताला जड़ा है जिसके चलते यह उपयोग होने से पहले ही जर्जर व टूटने लगे हैं कुछ कमरों के गेट निकालकर असमाजिक तत्व ले गए हैं। लेकिन इससे भी चैकाने और शर्मसार करने वाली बात तो यह है कि उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल के इस परिसर में बेरोकटोक शराबखोरी हो रही है और यहां शराब की बोतलों का जखीरा नजर आता है। साथ ही कई अनैतिक काम इन बिल्डिंग में होते हैं। लेकिन वर्षो बीत जाने के बाबजूद इन करोडो रुपए की लागत से बनाए गए इन भवनों की ओर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की नजर इसकी ओर नही गई है जिसके चलते न केवल करोड़ो की लागत से बनबाये गये भवन बर्बाद हो रहें हैं बल्कि शिक्षा के मन्दिर में शराब व अय्याशी का अड्डा बना अवश्य नजर आ रहा है। लेकिन इस मामले मे जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से जानना चाहा तो वह कुछ ज्यादा नहीं बता सकीं और डीईओ कार्यालय से वर्षो पहले इनका निर्माण होना बताया साथ ही सुरक्षा का हवाला देकर यहां स्कूल की क्लासें शिफ्ट न करने की बात कहती नजर आई तो सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस तरह बिना किसी प्लानिंग के करोड़ो की लागत से भवनों का निर्माण क्यों करा दिया और बर्षो बीत जाने के बाबजूद आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी की नजर इनकी ओर क्यों नही गई।





### स्कूल संचालन में भवन बन रहा परेशानी



एक ओर 13 सालों से यह करोड़ो की लागत से भवन बनकर तैयार हैं लेकिन इनका उपयोग आज तक नही किया गया। वहीं उत्कृष्ट हायर सेकंडरी चन्देरी की बात करें तो इसमें 900 के आसपास बच्चे हैं और जहां वर्षो पुरानी बिल्डिंग में यह स्कूल संचालित हो रहा है उसमें कमरों की संख्या कम है जिसके चलते स्कूल का संचालन दो शिफ्टों में किया जाता है। तो सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर तत्कालीन अधिकारियों ने परिसर से हटकर काफी दूर करोड़ो की लागत से यह अतिरिक्त कक्ष क्यों बनबा दिये और यदि बनबा भी दिए तो सालों बाद आजतक इनमें क्लासें क्यों संचालित नही कराई। क्या आनन फानन में शासन की राशि को खत्म करने के लिए कहीं भी यह निर्माण कार्य कराकर शासन की राशि को कमीशन खोरी की भेंट चढ़ा दिया या फिर अपने ठेकेदारों को पुरस्कृत कर दिया। लेकिन अब देखना है की केवल शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही व बर्बादी बल्कि स्कूल परिसर में शराबखोरी ब अय्याशी की यह तस्वीरें दिखाएं जाने के बाद अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस बदहाल और शर्मसार करने वाले परिसर की ओर कब जाती है और कब यहां की तस्वीर और तकदीर बदली नजर आती हैं।

## खबर संक्षेप

### नवजात बालिका का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत चंदेरी मुंगावली रोड निवासी दीपक विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजारानी गार्डन के बाहर चंदेरी रोड पर अज्ञात नवजात शिशु के रूप में बालिका का शव पड़ा मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी चंदेरी निवासी निखिल दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर रात में उसके घर के बाहर से बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नम्बर एमपी 08 एमई 1133 है।

### अत्याधिक मात्रा में शराब पीने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालबरखेडा निवासी कल्याण पुत्र पन्नालाल आदिवासी ने इन्द्रभान यादव के खेत के पास अत्याधिक शराब का सेवन कर लिया था जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने भर्रोली निवासी सतेन्द्र यादव के पास से 10 लीटर शराब बरामद की है। शाढ़ौरा पुलिस ने रिषभ रघुवंशी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब और शाढ़ौरा पुलिस ने ही बन्ना केवट के पास से हाथ भटटी की 10 लीटर शराब बरामद की है।

### मूल्यांकन से पहले शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु जिला मुख्यालय पर शिक्षकों को मूल्यांकन कर्ता का प्रशिक्षण 21 फरवरी को प्रदान किया जाएगा और 22 फरवरी से मूल्यांकन की शुरूआत होगी। यह मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर बनाया जा रहा है। मूल्यांकन कर्ता को 10 बजे से शाम 6 बजे तक मूल्यांकन के लिए समय सीमा प्रतिदिन तय की गई है। प्रतिदिन एक मूल्यांकन कर्ता को कम से कम 45 उत्तर पुस्तकाओं का मूल्यांकन करना आवश्यक है। इस दौरान मोबाइल एप्प पर शिक्षक को मूल्यांकन केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज कराना और मूल्यांकन पूर्ण होने पर उपस्थिति ऑफ कराने के भी निर्देश हैं। इस दौरान अंग्रेजी कक्षा 12वी, भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और पशुपालन विषयों का मूल्यांकन 22 फरवरी से होगा। जिसको लेकर केन्द्र पर सहायक मूल्यांकन अधिकारी अनिल खंतवाल द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया।

### रोटरी मेडिकल मिशन का कैम्प मुंगावली में सम्पन्न

**अशोकनगर।** रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत रोटरी परिवार एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सहयोग से मध्यप्रदेश शासन द्वारा अशोकनगर जिले के शासकीय चिकित्सालय मुंगावली में बुधवार को कैम्प आयोजित हुआ। इस शिविर में डॉ. अजय जाटव बी.एम.ओ., डॉ. दिनेश त्रिपाठी, डॉ. रघुराज राजपूत, डॉ. मनीषा यादव,डॉ. अनुजा सिंघई ने अलावा मेडिकल स्टाफ ,आशा कार्यकर्ता, बीपीएम,एम टी एस,बीसीएम स्टाफ के सहयोग से 348 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया एवं आवश्यक होने पर दवाइयां दी। 51 मरीज जिला अस्पताल अशोकनगर के लिए रेफर किये गये। शिविर में सभी जन प्रतिनिधि नरेश ग्वाल नपा अध्यक्ष, नगेंद्र परिहार मंडल अध्यक्ष, दीपक पालीवाल जिला उपाध्यक्ष,मनीष मोदी नगरपालिका उपाध्यक्ष, सत्यजीत सिकरवार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, आदित्य तोमर, माधव सिंह रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के तहत ज्यादा गंभीर बीमारी के मरीजों को 17 मार्च से 24 मार्च 2026 तक शिवपुरी में आयोजित विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा जाएगा।

---

### विदिशा रोड से बीना को को जोड़ने के लिए कंजिया तक 90 करोड़ के मार्ग की स्वीकृति

# प्रदेश के नए आम बजट में जिले को पहली बार कई सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिले को पहली बार मध्यप्रदेश के आम बजट में कईं सड़कों की सौगात प्रदान की गई है। उम्मीद थी कि जिले को दो बड़ी सड़कों की स्वीकृति मिलेगी, लेकिन मध्यप्रदेश के बजट में विदिशा रोड से कंजिया के लिए, बमुरिया, छैवलाई,बर्रा,सिंघाडा, खोकसी तमाशा, बंधी, टीला, गोरा से एनएच 346 को जोड़ते हुए भोपाल सेमरखेडी मार्ग तक की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसकी लंबाई 47.65 किलोमीटर है, यह सड़क 90 करोड़ की लागत से तैयार की जाएगी।

इसी प्रकार एक ओर बड़ी सड़क मार्ग की स्वीकृति की संभावनाएं जताई गईं थी जिसमें बदरवास से महाना होकर अमरौद तक मार्ग की स्वीकृति का भी प्रस्ताव था जिसे मध्यप्रदेश के आम बजट में स्वीकृति नहीं मिली है लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि यह महत्वपूर्ण मार्ग केन्द्रीय सड़क निधि से स्वीकृत हो सकता है। अगर ऐसा हुआ तो शिवपुरी जिले को सीधा थूवोन जी रोड़ से जोड़ा जा सकेगा, यह 67 किलोमीटर का मार्ग है। अगर अशोकनगर आसपास के जिलों से सीधे सड़क मार्गों से बेहतर सुविधाओं के साथ नहीं जुड़ा तो अशोकनगर का सड़क मार्गों से आने जाने के मार्ग का रास्ता नहीं खुल पाएगा। ज्ञात हो कि पिछले बजट में शाढ़ौरा करीला मार्ग को बड़ी राशि प्रदान की गई थी 1 अरब रूपए की लागत से इस मार्ग का निर्माण अंतिम चरण में हैं।

अशोकनगर को मध्यप्रदेश शासन के इस आम बजट में जो सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं उनमें विक्रमपुर सौतेर मार्ग से सतपईया स्कूल तक के मार्ग, मुंगावली मल्हारगढ़ मार्ग से पत्थरगढ़ तक मार्ग की स्वीकृति, म्याना से नई सरायं मार्ग की स्वीकृति, ग्राम गुन्दार जोड़ से वायंगा,गनिहारी, देरखा, सिहार, कुरायला मार्ग 13.30 किलोमीटर को स्वीकृति, शाढ़ौरा नईसरायं मुख्य जिला मार्ग से गुन्दार, बगुल्या, दियाधरी मार्ग को स्वीकृति मिली है। कुल जिले में 74.01 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है जिस पर 139.86 करोड रूपए व्यय किए जाएगें। कैथन नदी पर जर्जर पुल की जगह 7.60 करोड की लागत से नया पुल बनेगा तथा अशोकनगर थूवोन सड़क मार्ग पर जो ब्लैक स्पॉट हैं उन्हें भी खत्म करने का प्रावधान नए बजट में किया गया है जिस पर 4.74 करोड रूपए की राशि व्यय होगी तथा वाजिदपुर से पनवाड़ी हाट पर सड़क निर्माण के साथ नई पुलिया को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस नए बजट में अशोकनगर विधानसभा को न के बराबर सड़के मिलीं हैं, चंदेरी विधानसभा में भी कोई बड़ी सड़क की स्वीकृति नहीं दी गई है। मुंगावली विधानसभा को इस बजट में पर्याप्त सड़के दी गईं हैं।

#### ग्वालियर, भोपाल, नागपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे से अशोकनगर जिले को कौन जोड़ेगा?

भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मध्यप्रदेश को जोड़ते हुए एक नया हाईवे स्वीकृत किया है, यह हाईवे ग्वालियर बैतूल सिक्स लेन इकोनमिक कॉरिडोर एक्सप्रेस-वे है जो अशोकनगर जिले से होकर गुजरेगा, यह अशोकनगर जिले का भाग्य बदल सकता है अगर यहां की जनता को यहां के केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से कुछ मांगना है तो उन्हें एक सुर से यह कॉरिडोर एक्सप्रेस वे मांगा जाना चाहिए। जब तक जनता स्वयं मांग नही करेगी तब तक यह एक्सप्रेस वे मिलने वाला नहीं है, हालांकि इस एक्सप्रेस वे के बारे में जिला भापजा अध्यक्ष आलोक तिवारी भी मांग कर चुके हैं। इस एक्सप्रेस वे को ग्वालियर से नागपुर तक जाना है जो अशोकनगर से विदिशा,भोपाल, बैतूल होते हुए नागपुर तक जाएगा जो राजमार्ग क्रमांक 12 एवं 69 द्वारा एक वैकल्पिक इडंस्ट्रियल कॉरिडोर का वैकल्पिक मार्ग कहलाएगा। जो अशोकनगर जिले में औधौगिक विकास, आने जाने के सड़क मार्गों की कमी को पूरा करेगा। यह 650 किलोमीटर लंबा मार्ग है जिस पर 40 हजार करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। यह मार्ग ग्वालियर से शिवपुरी के रास्ते चंदेरी पहुंचेगा और वहां से इस मार्ग को अशोकनगर थूवोन होते हुए बंगलाचैराहे तक जोड़ने की मांग की गई है। अभी तक अशोकनगर जिला मुख्यालय नेशनल हाईवे से नहीं जुड़ा है जिसके कारण यहां आने जाने के मार्गों की भारी कमी है। जब मार्ग निकल ही रहा है स्वीकृति हो गई है अकेले लिंक रोड के रूप में इसे जिला मुख्यालय से निकालना हैं, इतना तो कम से कम हमारे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इसे पूरा करा सकते हैं, अगर यह पूरा होता है तो अशोकनगर तभी औधोगिक विकास पर आगे होगा। यहां आप कितने भी उद्योग लगा लें अगर आने जाने के संसाधन नहीं हैं तो कोई भी उद्योग न तो लगाने आएगा न ही लग पाएगें। पहले इन संब मांगों को करने से पहले नेशनल हाईवे की मांग पूरी होना जरूरी है, यह हमारा नारा भी बनना चाहिए और हमारा मुद्दा भी होना चाहिए।

#### इनका कहना है

नए मध्यप्रदेश के आम बजट में कईं सड़को को स्वीकृति मिली है, जिसमें मुख्य रूप से अशोकनगर-विदिशा रोड को सागर से जोड़ने का प्रस्ताव शामिल है। संभावना है कि सीआरएफ के माध्यम से बदरवास से अमरौद तक सड़क मार्ग की स्वीकृति मिल सकती है।
**अशोक गुप्ता** सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग

---

### जनहित का बताया नया बजट

## मध्यप्रदेश के नए बजट को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा जारी किए गए आम बजट को लेकर अलग अलग प्रतिक्रियाएं जारी की गई हैं, भाजपा ने इसे जनहित का बजट बताया है तो समीक्षकों ने बजट में कोई नया कारनामा न होने की बात की है।

सीए अमित गोइल ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एमपी बजट 2026-27 एक विकास-मुखी बजट है, खासकर महिलाओं, गरीबों, युवाओं, किसानों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर के साथ। यह बजट बिना नए कर बोझ के विकास और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता देता है। कुल मिलाकर यह विकास और जनकल्याण केंद्रित बजट दिखाई देता है।

कुल बजट लगभग 4.38 लाख करोड़ का है और कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया। महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा फोकस लाड़ली बहना योजना सहित बड़ी राशि का प्रावधान किया जाना है। किसानों के लिए सहायता, सोलर पंप और कृषि योजनाओं का विस्तार। शिक्षा और रोजगार में 15,000 शिक्षकों की भर्ती व युवाओं के लिए अवसर जुटाने की बात कही गई है। स्वास्थ्य, सड़क, मेट्रो और शहरों के विकास पर बड़ा खर्च बजट में दिखाया गया है।

#### प्रदेश के विकास का बजट -भाजपा जिला अध्यक्ष

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने वर्ष 2026-27 के मध्यप्रदेश के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेश के विकास की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करता है।

यह बजट ज्ञान मॉडल गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है और न ही किसी जनकल्याणकारी योजना में कटौती की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए कृषक उन्नति योजना में 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान, 1 लाख सोलर सिंचाई पंपों का वितरण, 1 लाख हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य तथा 25,000 करोड़ रुपए के कृषि ऋण का लक्ष्य किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 1,299 करोड़ रुपए का आवंटन किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करते हुए लाड़ली लक्ष्मी योजना हेतु 23,882 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। औद्योगिक क्षेत्रों में 5,700 वर्किंग वुमन हॉस्टल निर्माण का निर्णय महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देगा।

---

## संयुक्त किसान मोर्चा की ट्रैक्टर-बाइक रैली आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में निकाली जा रही 'किसान जागृति यात्रा' के आज अशोकनगर आगमन पर विशाल ट्रैक्टर-बाइक रैली और आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर किसानों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। तैयारियों के तहत मोर्चा पदाधिकारियों ने तुमैन, आमखेड़ा, जलालपुर, सिकंदरा, देहरदा, नगेश्री, मुल्लाखेड़ी, बेरखेड़ी सहित कई गांवों में जनसंपर्क कर किसानों को आंदोलन के उद्देश्य समझाए।

आयोजकों का दावा है कि जिले और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों ट्रैक्टर और बाइक के साथ किसान रैली में शामिल होंगे, जिससे शहर में किसान एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन देखने को मिलेगा। रैली सुबह 11 बजे त्रिदेव मंदिर (विदिशा रोड) से प्रारंभ होकर सेन चैराहा, नया बस स्टैंड और राजमाता चैराहा तक निकलेगी, जहां आमसभा आयोजित की जाएगी। सभा में राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता किसानों को संबोधित करेंगे, जिनमें सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल (पंजाब), शांताकुमार (कर्नाटक), पीआर पाण्डियन (तमिलनाडु),अभिमन्यु कुहाड़ (हरियाणा), इंद्रजीत पन्नीवाला (राजस्थान) और नितिन वाल्यान (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद ने बताया कि 'किसान जागृति यात्रा' कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। इसका मुख्य उद्देश्य एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू कराना, किसानों की आय और फसल मूल्य सुनिश्चित करना तथा केंद्र सरकार की अमेरिका से हुई ट्रेड डील का विरोध दर्ज कराना है।



### रमजान के पहले रोजे पर जिले भर की मस्जिदों में नमाजियों की रही भीड़

**पिपरई।** रमजान का मुबारक महीना प्रारंभ होते ही पहले रोजे के दिन जिले भर की मस्जिदों में नमाजियों की खासी भीड़ लगी रही।इस दिन वे लोग भी मस्जिद पहुंचे जो साल भर नमाज से दूर रहते हैं। जिसके कारण मस्जिदों में पैर रखने भी जगह नही मिली। जामा मस्जिद में नमाज पढ़ाने से पहले मुफ्ती मोहम्मद आमिर साहब ने बताया कि रमजान का पहला असरा दस रोजे का जो रहमत का हे वह शुरू हो गया है। रमजान मुबारक की आमद के मौके पर अपने विशेष संदेश में कहा कि रमजान मुबारक वह पवित्र ओर बरकत वाला महीना हे।जिसमें अल्लाह ताला ने इंसानियत की सबसे बड़ी नेमत कुरआन मजीद नाजिल फरमाया ,उन्होंने कहा कि इरशाद ए बारी तआला हे रमजान वह महीना हे जिसमें कुरआन नाजिल किया गया। जो लोगों के लिए हिदायत है। रमजान मुबारक नेकियों की बाहर ओर रहमतों का खजाना है। इसमें महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हे।ओर जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हे।जिसने ईमान ओर सबाब की नियत के साथ रमजान के रोजे रखे,उसके पिछले तमाम गुनाह माफ के दिए जाते हैं। जब मोमिन रब से अपनी ओर अपने खानदान के लिए दुआ मगफिरत करता है तो अल्लाह तआला की रहमत उसे अपने आगोश में ले लेती है और रबत आला दुआ कुबूल फरमा लेता है।उन्होंने कहा कि इबादत इमारत की तरह है ईमान बुनियाद का मांनिद है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना है और अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि बसल्लम के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना ।

## जनगणना 2027 के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.एन सिंह, जनगणना कार्यालय भोपाल से पधारे जिला प्रभारी जनगणना जमीन खान, प्रशिक्षक रजनीश भार्गव, समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी), समस्त तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 में खास बात यह है कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना प्रक्रिया में नागरिक स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी भर सकते हैं। जनगणना के दौरान गणक के घर आने पर उन्हें यह जानकारी देनी होगी तब इस जानकारी को डिजिटल संकलित करेंगे। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वयं जानकारी स्व-गणना पोर्टल पर भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी।

**स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना** आगामी जनगणना वर्ष 1872 से सोलहवीं एवं स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना होगी जिससे संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों का निष्पादन जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। इस दौरान प्राप्त व्यक्तिगत जानकारियां पूर्णतः गोपनीय होती है और इसे किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जाताश साथ ही एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी को कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है। जनगणना 2027 के प्रगणक, पर्यवेक्षक या कोई अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के ओटीपी या बैंक डिटेल्स की मांग नहीं की जाएगी।

**जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी :**
जनगणना 2027 दो चरणों में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान की गणना की जाएगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। जनगणना का कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार या परिवर्तन नहीं किया जाएगा। जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 से 30 मई 2026 तक आयोजित होगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी।

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

---

### कहीं ताले में कैद तो कहीं टूटे पड़े हैं भवन, आखिर जिम्मेदार अधिकारी कब देंगे ध्यान...?

# जिम्मेदारों की अनदेखी से सामुदायिक स्वच्छता परिसर हो गए जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पंचायत अशोकनगर अंतर्गत जिले की सभी पंचायतों में लाखों रूपये से बनाए शौचालयों की हालत बद से बदतर हुई जहां ग्रामीणों को शौचालय के उपयोग करने से वंचित होना पड़ता है उसका कारण है अव्यवस्थाओं में बने सुलभ शौचालय जो गांव से दूर बने हैं या फिर ग्राम में ऐसी जगह जहां शौचालय की देखरेख में अनदेखी करने से जर्जर अवस्था में पड़े शौचालय या फिर ताले में बंद शौचालय।

ऐसा ही मामला जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत सारसखेड़ी और पाकरोड का मामला देखने मिला। जनपद पंचायत ईसागढ़, जिला अशोकनगर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सारसखेड़ी और पाकरोड में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर आज बदहाली का शिकार हो चुके है।





#### जवाबदेही तय करने की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत से मांग की है कि सभी ग्राम पंचायत में बने सुलभ शौचालय पर सफाई कर्मी नियुक्त कर शौचालय परिसर को तत्काल सुधार कर पुनः चालू किया जाए। रख-रखाव के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निर्माण व रख-रखाव में हुई लापरवाही की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह सामुदायिक स्वच्छता परिसर कागजों में सफल और जमीनी स्तर पर असफल योजना बनकर रह जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार यह शौचालय परिसर कुछ समय उपयोग में ही रह होंगे, जिनका नियमित रख- रखाव और साफ-सफाई के अभाव में अब इसकी हालत जर्जर हो गईं। वर्तमान में परिसर के दरवाजों पर ताले लटके हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को मजबूरी में खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है।

**स्वच्छता मिशन की मंशा पर पानी फेर दिया गया:** सरकार द्वारा गांव-गांव स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन सारसखेड़ी और पाकरोड का सामुदायिक शौचालय लापरवाही की भेंट चढ़ गया। न पानी की व्यवस्था है, न सफाई कर्मी, और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी की निगरानी। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




### जनवरी की रैंकिंग में ग्वालियर व रतलाम को पछाड़ते हुए ग्रुप-ए में प्राप्त किया यह गौरव

# क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम में राजगढ़ पुलिस प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले को गौरवान्वित करते हुए पुलिस टीम ने क्राइम और क्रिमिनल टेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की जनवरी 2026 की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जांच को तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए पुलिस आजकल कई महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयरों की मदद से का्रइम की गुत्थी सुलझाते हैं।

सीसीटीएनएस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो सभी थानों को एक साथ जोडकर अपराध और अपराधियों का रियल-टाइम डेटाबेस तैयार कर अपराधियों की धरपकड़ करता है। उल्लेखनीय उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के प्रभावी मार्गदर्शन में जिले की समस्त पुलिस इकाइयों द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर किए गए गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं तकनीकी रूप से सटीक कार्य का परिणाम है।



CCTNS Ranking Group A, January 2026

| S.N. | District | Data Quality Score (Out of 80) | Data Quantity Score (Out of 80) | Total (Out of 160) | RANK |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RAJGARH | 73 | 80 | 153.00 | 1 |
| 2 | GWALIOR | 68.2 | 81 | 149.20 | 2 |
| 3 | RATLAM | 67 | 80 | 147.00 | 3 |
| 4 | SHIVPURI | 65 | 78 | 143.00 | 4 |
| 5 | MANDSAUR | 63 | 80 | 143.00 | 4 |
| 6 | SATNA | 60 | 78 | 138.00 | 5 |
| 7 | MORENA | 58 | 80 | 138.00 | 5 |
| 8 | JABALPUR | 53 | 77 | 130.00 | 6 |
| 9 | BHOPAL (Urban) | 54.33 | 75 | 129.33 | 7 |
| 10 | SEHORE | 55 | 74 | 129.00 | 8 |
| 11 | NARSINGHPUR | 54 | 74 | 128.00 | 9 |
| 12 | INDORE (Urban) | 51 | 75 | 126.00 | 10 |
| 13 | UJJAIN | 51.6 | 74 | 125.60 | 11 |
| 14 | CHHINDWARA | 46.8 | 76 | 122.80 | 12 |
| 15 | BURHANPUR | 57 | 64 | 121.00 | 13 |
| 16 | BETUL | 52 | 68 | 120.00 | 14 |
| 17 | SEONI | 49 | 70 | 119.00 | 15 |
| 18 | KHARGONE | 59.00 | 59 | 118.00 | 16 |
| 19 | DEWAS | 37.60 | 80 | 117.60 | 17 |
| 20 | KATNI | 51.00 | 61 | 112.00 | 18 |
| 21 | CHHATARPUR | 54.14 | 50 | 104.14 | 19 |
| 22 | DAMOH | 48.5 | 51 | 99.50 | 20 |
| 23 | DHAR | 44.00 | 54 | 98.00 | 21 |
| 24 | SAGAR | 39 | 42 | 81.00 | 22 |
| 25 | REWA | 38.5 | 34 | 72.50 | 23 |




### डेटा क्वालिटी और क्वांटिटी में आए अव्वल

*इस रैंकिंग में जिला राजगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। जिला राजगढ़ को इस रैंकिंग में निम्नांकित अंक प्राप्त हुए*
*डेटा क्वालिटी स्कोर - 73/80*
*डेटा क्वांटिटी स्कोर - 80/80*
*कुल स्कोर - 153/160*
*जो कि ग्रुप-ए के समस्त जिलों में सर्वाधिक है।*

### ग्वालियर और रतलाम जैसे जिलों को पछाड़ा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में ग्रुप-ए की सूची में प्रदेश के कई जिलों को पछाड़ते हुए यह स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में ग्वालियर द्वितीय स्थान पर तथा रतलाम तृतीय स्थान पर रहा। इसके बाद शिवपुरी एवं मंदसौर ने संयुक्त रूप से उच्च स्थान प्राप्त किया।

### जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के प्रयास रहेंगे जारी : एसपी तोलानी

प्रदेश में मिली इस सफलता में पुलिस अधीक्षक ने जहां जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, (सीसीटीएनएस) नोडल अधिकारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों की निरंतर मॉनिटरिंग, टीमवर्क, तकनीकी दक्षता एवं प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका को माना है। वहीं उन्होंने कहा कि जिला राजगढ़ पुलिस भविष्य में भी डिजिटल पुलिसिंग, अपराध अनुसंधान में तकनीक के अधिकतम उपयोग, पारदर्शिता एवं जन-विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने की सहभागिता

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने टीमों का चयन

**भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं**




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जनपद क्षेत्र की 5 पंचायतों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार एवं 5 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक राजकुमार प्रजापति, क्रीडा शिक्षक देवेंद्र सक्सेना, मुकेश शर्मा, चंदा खान, सचिन शर्मा,इंद्र नारायण श्रीवास,राम भील,रामवीर किशन बैरागी, एवं सैकड़ों खिलाड़ी उपस्थित रहे। संभागीय खेल अधिकारी शर्मीला डाबर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की पारंपरिक खेल विधाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर से प्रतिभाओं को आगे बढ़ाकर जिला एवं राज्य स्तर तक मंच प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में हो रहा आयोजन

# जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 23, 24 व 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग राजगढ़ द्वारा दी गई जानकारी अनुसार कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन इडिवल ऑयल तिलहन एवं आत्मा योजना अन्तर्गत कृषि विज्ञान मेला का तीन दिवसीय आयोजन मोहनपुरा कृषि धाम मोहनपुरा डेम के पास राजगढ़ में 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को कृषक प्रशिक्षण स्थल पर किया जाएगा।

# बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य व कैंसर जागरुकता शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लायंस क्लब सारंगपुर इकाई द्वारा स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी के नेतृत्व में स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर स्कूल में संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तसलीम मंसूरी उपस्थित रहीं। उन्होंने




छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मंसूरी ने विशेष रूप से किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक समस्याओं, पोषण, स्वच्छता एवं वैज्ञानिक देखभाल के बारे में समझाया। उन्होंने छात्राओं को संकोच छोड़कर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने की सलाह दी तथा उनके प्रश्नों के समाधान भी दिए। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व सचिव लायन अंजली प्रदीप जोशी द्वारा किया गया। अंत में स्कूल की संचालिका एवं क्लब सदस्य दिव्या अतुल जोशी ने सभी अतिथियों, चिकित्सक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शिविर में क्लब की वरिष्ठ महिला सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं, जिनमें भूतपूर्व अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल, लायन ममता शर्मा, लायन नीता मकोडिया, लायन भावना दंडवानी, लायन मेघना जोशी, लायन रूपा बारीकियां और लायन सुरभि चैहान शामिल थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शास्त्री स्कूल के संचालक एवं क्लब सदस्य लायन अतुल जोशी, लायन महेश शर्मा, लायन राजेंद्र पालीवाल तथा सचिव लायन प्रदीप चैहान का विशेष सहयोग रहा।

### सरकार को प्रतिदिन हो रहा हजारों रुपए के राजस्व का नुकसान, जिम्मेदार मौन

# बगैर मंडी टैक्स चुकाए धड़ल्ले से हो रहा संतरे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारी संतरा खरीद कर नगर में संतरा एकत्रित कर बिना मंडी टैक्स चुकाए बड़ी मात्रा में संतरे के व्यापार का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर जगह-जगह अस्थाई मंडियां लगाकर बड़ी मात्रा में संतरे की खरीद-फरोख्त की जा रही है। यह कारोबार बिना वैध कर प्रक्रिया पूरी किए संचालित हो रहा है और संतरे को ट्रकों के माध्यम से दूसरे प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से व्यापारियों द्वारा सीधे किसानों से संतरा खरीदा जा रहा है। इसके बाद इन्हें निजी गोदामों और शेडों में एकत्र कर लकड़ी एवं कैरेट के बक्सों में पैक किया जाता है। पैकिंग के बाद माल ट्रकों में भरकर प्रदेश की सीमाओं के बाहर भेजा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में मंडी शुल्क और अन्य करों की अनदेखी किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों की साठगांठ के चलते यह व्यापार खुलेआम फल-फूल रहा है। यदि संतरे की खरीदी मंडी नियमों के तहत हो तो शासन को राजस्व प्राप्त हो सकता है, लेकिन बिना पंजीयन और बिना टैक्स के हो रहे इस कारोबार से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं वैध रूप से व्यापार करने वाले कारोबारियों में भी असंतोष देखा जा रहा है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संतरे का संग्रहण और बाहर सप्लाई होने से यह स्पष्ट है कि व्यापार संगठित तरीके से संचालित हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि संबंधित विभाग इस और कब तक अनदेखी करते रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सके और शासन को राजस्व हानि से बचाया जा सके।

**इनका कहना है...**

मुझे आपने बताया। मैं मंडी अधिकारी से इस बारे में बात करता हूं।

**रोहित बम्होरे**, एसडीएम सारंगपुर

# डकैती की योजना बनाते 6 गिरफ्तार, पुलिस ने हथियार व मिर्च पाउडर बरामद किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के नवीन बायपास रोड ब्रिज के नीचे राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे 6 शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किसी घटना को नहीं होने दिया। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे और मिर्च पाउडर बरामद किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि 6 हथियारबंद व्यक्ति माचलपुर रोड बायपास ब्रिज के नीचे छिपकर सुसनेर-जीरापुर बायपास मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 1 खटकेदार चाकू, लाठी-डंडे एवं मिर्च पाउडर बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 54/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(4), 310(5), 310(6) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी संजय कुशवाहा (24) निवासी बड़ी खेड़ी सोयत जिला आगर मालवा, अनिल राठौड़ (25) निवासी जमाई कॉलोनी जीरापुर , अब्दुल नजीब खान (23) निवासी हरिनगर कॉलोनी सुसनेर , शाहरुख मंसूरी (24) निवासी मोड़ी सुसनेर रफीक खान (38) निवासी गागोरनी जीरापुर , मिथुन मेघवाल (23) निवासी सोयत जिला आगर मालवा को गिरपतार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं न्यायालय पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा।

# सुनील वर्मा का भारतीय नौसेना में अग्निवीर के रूप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा-राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ के लिए यह गौरव और हर्ष का क्षण है कि बीएससी द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्र सुनील वर्मा का चयन इंडियन नेवी में अग्निवीर के रूप में हुआ है। ग्राम बाईहेड़ा तहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ के सुनील ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। वे 21 फरवरी, 2026 को नौसेना के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षण केंद्र में रिपोर्ट करेंगे, जहाँ से उनके राष्ट्रसेवा के स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत होगी।



### संघर्ष से सफलता तक

*सुनील वर्मा की सफलता केवल एक चयन नहीं, बल्कि यह उस संघर्ष, संकल्प और सपनों की जीत है जो उन्होंने अपने मन में संजोए थे। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। नियमित अध्ययन, शारीरिक तैयारी और दृढ़ आत्मविश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। उनकी यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो, तो सफलता निश्चित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीबी खरे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुनील वर्मा की यह सफलता पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि वे भारतीय नौसेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।*

### पुलिस टीम ने सिटी थाने में रखा सुरक्षित, नहलाया और करवाई कटिंग

# निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सिटी थाना ब्यावरा पुलिस और सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संयुक्त प्रयास से राजगढ़ रोड से एक निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति को रेस्क्यू किया गया। यह व्यक्ति अत्यंत दयनीय अवस्था में सड़क पर घूमता हुआ मिला। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। पूछताछ के दौरान वह स्वयं को कर्नाटक क्षेत्र का बता रहा था, किंतु अपना पूरा नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। बातचीत में उसने अपना नाम शिवा बताया।

पुलिस टीम द्वारा उसे सुरक्षित सिटी थाने में रखा गया, जहां पहले उसे नहलाया-धुलाया गया और उसके बालों की कटिंग कराई गई। इसके बाद खुशियों के ओटले की टीम ने उसे नए वस्त्र पहनाए और भोजन की व्यवस्था की। कुछ ही समय में उसकी सूरत और स्थिति में इतना बदलाव आया कि लोग पहचान ही नहीं पा रहे थे कि यही वही व्यक्ति है, जो कुछ समय पहले बेहद गंदी हालत में इधर-उधर भटक रहा था।

उल्लेखनीय है कि कई लोग उसे गलतफहमी में बच्चा चोर तक समझने लगे थे। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे रेस्क्यू किया और मानवीय संवेदनाओं के साथ उसकी



देखभाल की। वर्तमान में ब्यावरा पुलिस थाना की टीम और खुशियों के ओटले के सदस्य मिलकर उसे उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मानव सेवा कार्य में विशेष सहयोग थाना टीआई विरेंद्र धाकड़, दिनेश किरार, पियूष गुप्ता तथा खुशियों के ओटले के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह का रहा। पुलिस और सामाजिक संस्था के इस संयुक्त प्रयास ने समाज में मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है।

### तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर किए जा रहे कार्य

# निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, साइट इंजीनियर नदारत!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं, शासकीय भवनों के रखरखाव, भवन निर्माण एवं बाउंड्री वॉल जैसे कार्यों के लिए विधायक एवं सांसद की अनुशंसा पर लाखों-करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत कर विधिवत टेंडर जारी किए जाते हैं। लेकिन क्षेत्र में चल रहे कुछ निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं की चर्चा सामने आ रही है।

स्थानीय स्तर पर आरोप है कि संबंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की मिलीभगत के कारण शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर कार्य किए जा रहे हैं और गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण कार्य प्रारंभ होने से लेकर पूर्ण होने तक विभागीय अधिकारियों के साइट पर निरीक्षण के अभाव की भी चर्चा है। जनचर्चा के अनुसार, मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया भी बिना मौके पर निरीक्षण के पूरी कर ली जाती है। हालांकि, जब भी इस संबंध में सवाल उठाए जाते हैं तो विभागीय स्तर पर यही जवाब दिया जाता है कि नियमों के विरुद्ध कार्य पाए जाने पर भुगतान में कटौती की जाएगी और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।



**इनका कहना है**

गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा कार्य।

स्वाति अग्रवाल, एसडीओ, पीआईयू राजगढ़

### महाविद्यालय परिसर में निर्माण कार्यों पर सवाल

इसी प्रकार का मामला सारंगपुर के महाविद्यालय परिसर में सामने आया है, जहां बाउंड्री वॉल एवं नवीन कक्ष निर्माण का कार्य जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य तकनीकी दृष्टि से गुणवत्तापूर्ण नहीं दिख रहा है। मौके पर निर्माण एजेंसी का कोई इंजीनियर मौजूद नहीं है, जिससे कार्यप्रणाली पर संदेह गहरा रहा है। यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य पेटी कॉन्ट्रैक्टर को सौंप दिया गया है, जो मजदूरों और मिस्त्रियों के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार निर्माण कार्य करवा रहा है। अब देखना यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से हो रहे इन विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जिम्मेदार अधिकारी कब तक ध्यान देते हैं।